# हथियार खरीदार की पहचान अब नहीं 'मेक फॉर वर्ल्ड' की ओर बढ़ा देश : मोदी

## झांसी में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर प्रधानमंत्री ने दिया सशक्त भारत का मंत्र, बोले-200 से ज्यादा उपकरणों की विदेशों से खरीद पर लगाई रोक, मिसाइल कंपनी के 400 करोड़ के प्लांट का शिलान्यास

अमर उजाला ब्यूरो

**झांसी।** वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की धरती से राष्ट्ररक्षा समर्पण पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशक्त राष्ट्र का मंत्र देते हुए कहा कि एक समय भारत की पहचान हथियार खरीददार देश के रूप में होती थी, मगर आज हिंदुस्तान मेक इन इंडिया और मेक फॉर वर्ल्ड की दिशा में काम कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने 200 से ज्यादा उपकरणों की सूची जारी की है, जो देश से ही खरीदे जाएंगे। इन्हें विदेश से खरीदने पर पाबंदी लगा दी गई है।

पीएम ने डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में मिसाइल कंपनी भारत डायनामिक्स लिमिटेड के 400 करोड़ के प्लांट का शिलान्यास, नेशनल वॉर मेमोरियल की डिजिटल कियोस्क को लांच किया, साथ ही लाइट कॉम्बेट हेलीकॉप्टर का मॉडल वायुसेना को सौंपा। रानी की जयंती पर किले की तलहटी से अपना संबोधन देते हुए पीएम ने महारानी लक्ष्मीबाई, झलकारी बाई से लेकर बुंदेलखंड के वीरों को नमन करते हुए कहा कि बुंदेलखंड यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में सारथी की भूमिका निभाने जा रहा है। 400 करोड़ के प्लांट का शिलान्यास हुआ है। इससे यूपी डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड को नई पहचान मिलेगी। भारत को एंटी टैंक मिसाइल के लिए उपकरण मिलेंगे। सीमाओं पर जवानों को नई ताकत मिलेगी। देश की सीमाएं और ज्यादा सुरक्षित होंगी। बोले कि लाइट कॉम्बेट हेलीकॉप्टर 16500 फीट की ऊंचाई पर उड़ सकता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह भी मौजूद रहे। - अमर उजाला

### भावनी बांध की नहर का संचालन शुरू कराया

**ललितपुर।** महोबा से प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा जनपद ललितपुर के भावनी बांध का लोकार्पण करने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर बांध की नहर का पूजन करके संचालन शुरू कर दिया। इसके साथ ही पीएम द्वारा बांध का वर्चुअल शुभारंभ करने का लाइव प्रसारण देखने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा ललितपुर के भावनी बांध का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। संवाद



राष्ट्र रक्षा पर्व के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर का मॉडल वायुसेना अध्यक्ष विवेक राम चौधरी को सौंपा। -अमर उजाला

### डिफेंस कॉरिडोर खोलेगा विकास के द्वार, 5000 लोगों को मिलेगा रोजगार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिफेंस कॉरिडोर के झांसी नोड में स्थापित होने वाली भारत डायनामिक्स लिमिटेड की इकाई की आधारशिला रखी। कंपनी यहां 400 करोड़ रुपये के निवेश से इकाई की स्थापना करेगी। इसमें एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का निर्माण होगा, जिससे पांच हजार लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

### सैनिक स्कूलों से निकलेंगी रानी लक्ष्मीबाई की तरह बेटियां

पीएम ने कहा कि 100 सैनिक स्कूल खोलने की तैयारी है। ये स्कूल आने वाले समय में देश का भविष्य ताकतवर हाथों में देने का काम करेंगे। 35 सैनिक स्कूलों में इस सत्र से छात्राओं के प्रवेश शुरू हो गए हैं। अब सैनिक स्कूलों से रानी लक्ष्मीबाई जैसी बेटियां निकलेंगी जो रक्षा, सुरक्षा विकास की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाएंगी।

**वॉर हीरोज को दे सकेंगे श्रद्धांजलि :** झांसी में राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व पर पीएम ने नेशनल वॉर मेमोरियल की डिजिटल कियोस्क को लांच करते हुए कहा कि अब लोग शहीदों, वॉर हीरोज को इसके जरिए अपनी श्रद्धांजलि दे सकेंगे।